394721

AECHN-22

Reg. No.

II Semester B.Com./M.B.S./B.Com(H)/B.T.T.M./B.Com(I) Degree Examination, June - 2025

LANGUAGE HINDI

Kavya Sudha, Patralekhan Aur Sankshepan

(CBCS SEP Scheme Freshers)

Paper - II

Time : 3 Hours **Maximum Marks : 80**

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए। **(10×1=10)**

1) मूर्ख और बुद्धिमान मनुष्य क्या देखकर धोखा खा जाते हैं?
2) पग घूँघरू बाँध कौन नाची थी?
3) रस्सी के आने जाने पर किस पर निशान पड जाता है?
4) तुमुल जय ध्वनि कर के कवि किसकी जय करने को कहते हैं?
5) कुचली हुई शिखा से क्या आने लगा?
6) कवि डॉ. मूड्नाकूडु चिन्नस्वामी के दादा किस प्रकार के मजदूर थे?
7) कलकत्ता से लौटते समय मिर्जा गालिब अपने जेहन में क्या लेकर लौटे?
8) किनके चेहरों पर तकलीफ और सपने दोनों चमकते हैं?
9) घास बडी होकर आपस में क्या हो जाती है?
10) 'मोची राम' कविता के कवि का नाम लिखिए।

II. निम्नलिखित पद्यांशो में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **(2×7=14)**

1) बचन बेष क्या जानिए, मनमलीन नर नारि।
   सूपनखा मृग पूतना, दस मुख प्रमुख विचारि।।
2) हरि तुम हरो जन की भीर।
   द्रोपदी की लाज राखी, तुम बढायो चीर।।
   भक्त कारण रूप नरहरि, धरयो आप शरीर।
   हिरणकश्यपु मार दीन्हों, धरयो न हिंन धीर।।
   बूडते गजराज राखे, कियो बाहर नीर।
   दासि मीरा लाल गिरिधर, दुःख जहाँ तहँ पीर।।

[P.T.O.

3) मैं वहीं से आऊँगा
जहाँ से वे आए थे
मैं याद करूँगा वे बहसे जो चौक-चौबारों में हुई थी
जीवन, आचरण और मर्यादा के बारे में
और उस अंतः करण को, जो सच बोलने की जिद पर अडा रहा
अकेले पडते और घोडे की पूछ से बाँधकर
घिंसटे जाने के बावजूद।
मैं वहीं जाऊँगा।

III. निम्नलिखित में से किन्हीं दो कविताओं का सार लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। **(2×15=30)**

1) राख ही जानती है जलने का ताप
2) मोची राम
3) आग की भीख

IV. किसी एक पर टिप्पणी लिखिए। **(1×6=6)**

1) उस दिन का जंगल
2) जरुर जाऊँगा कलकत्ता

V. ग्लोब इलेक्ट्रिकल्स, मैसूर-1 से जो माल आपने मंगाया है, वह नमूने के अनुसार नहीं है। उन्हें इस संदर्भ में एक शिकायती पत्र लिखिए। **(1×10=10)**

(अथवा)

गोदरेज कंपनी, एम.जी. रोड, बेगलुरू में विक्रय अधिकारी का पद रिक्त है। उस पद के लिए अपनी शैक्षिक योग्यता का विवरण देते हुए एक आवेदन पत्र लिखिए।

VI. निम्नलिखित गद्यांश का उचित शीर्षक देते हुए एक तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए। (1×10=10)

हर एक देश में एक केंद्रीय बैंक होता है। भारत में इसे रिजर्व बैंक कहते हैं। इस बैंक से सरकार का लेन-देन रहता है। यह बैंक सरकार के लिए नोट जारी करता है। दस या बीस रूपये के नोट पर देखिए, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया लिखा रहता है। इसी बैंक के द्वारा अन्य सभी छोटे-मोटे बैंको पर अनुशासन किया जाता है। यदि देश में सिक्का अधिक चल जाए, तो यह बैंक अन्य बैंको की कर्ज देने की नीति को बदलवा कर सिक्के का चलन कम करता है। इस समय भारत की जनता महँगाई से बेहद तंग है। यह बैंक सिक्के का चलन कम करके वस्तुओं का भाव घटाने में सहायता करता है। अगर कर्ज देने के नियम कडें होंगे, रकम सीमित होगी और सूद की दर ऊँची होगी तो लोग कम उधार लेंगे। इससे रूपये का चलन कम हो जाएगा और चीजों का भाव गिर जाएगा, इस तरह केंद्रीय बैंक चीजो का भाव घटाने या बढाने में सहायक होता है।